**भारत सरकार**

**जल शक्ति मंत्रालय**

**जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 845**

**जिसका उत्तर 21 नवम्बर, 2019 को दिया जाना है।**

.....

**गिरता भू-जल स्तर**

**845. श्री जसबीर सिंह गिल:**

**श्री नंदकुमार सिंह चौहान:**

**श्री उपेन्द्र सिंह रावत:**

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पंजाब और उत्तर प्रदेश सहित देश के विभिन्न हिस्सों में भू-जल स्तर में निरंतर कमी आई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(ग) सरकार द्वारा इस गंभीर स्थिति से निपटने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**जल शक्ति और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री (श्री रतन लाल कटारिया)**

(क) से (ग) विभिन्न प्रयोगों के लिए ताजे जल की बढ़ी मांग, वर्षा की अनियमितता, बढ़ी हुई जनसंख्या, औद्योगीकरण और शहरीकरण इत्यादि जैसे कारणों की वजह से निरन्तर जल निकासी के कारण देश के विभिन्न भागों में भूजल के स्तरों में कमी आ रही है।

केन्द्रीय भूजल बोर्ड विभिन्न राज्यों में वर्ष में चार बार भूजल की मॉनीटरिंग करता है। दीर्घावधि आधार पर जल स्तर में घटते / बढ़ते स्वरूप का मूल्यांकन करने की दृष्टि से पूर्व मानसून जल स्तर आंकड़ा 2019 की तुलना में दशकीय औसत (2009-2018) जल स्तर के साथ की गई। आंकड़ों का विश्लेषण दर्शाता है कि मॉनीटर किये जा रहे लगभग 61 प्रतिशत कुओं में भूजल के स्तरों में कमी आई है। राज्यवार ब्यौरे अनुलग्नक में दिये गये हैं जिनमें पंजाब और उत्तर प्रदेश शामिल हैं।

चूंकि, जल राज्य का विषय है, भूजल के संरक्षण और प्रबंधन का कार्य मुख्य: राज्यों की जिम्मेवारी है। बहुत से राज्यों में इस संबंध में प्रशंसनीय कार्य किये हैं। इनमें से राजस्थान में ''मुख्य मंत्री जल स्वावलम्बन अभियान'' महाराष्ट्र में ''जलयुक्त शिबर'', गुजरात में ''सुजलाम सुफलाम अभियान'' तेलंगाना में ''मिशन ककातिया'', आंध्रप्रदेश में ''नीरूचट्टू'' जैसे कार्यों का उल्लेख किया जा सकता है।

भारत सरकार ने जल शक्ति अभियान शुरू किया है जोकि एक समयबद्ध अभियान है। जिसका उद्देश्य भारत में जल की कमी वाले 256 जिलों में भूजल स्थितियों सहित जल की उपलब्धता में सुधार करने के लिए मिशनमोड कार्य की अपेक्षा की गई है। इस संबंध में जल शक्ति मंत्रालय के तकनीकी अधिकारियों सहित केन्द्र सरकार के अधिकारियों के दलों को जल की कमी वाले जिलों का दौरा करने के लिए और उपयुक्त कार्य करने हेतु जिला स्तर के अधिकारियों के साथ घनिष्ठ सहयोग से कार्य करने के लिए प्रतिनियुक्त किया है।

जल की गिरावट को नियंत्रित करने और वर्षा जल संचय / संरक्षण के लिए केन्द्र सरकार द्वारा किये कार्यों को लिखित यूआरएल http://mowr.gov.in/sites/default/files / जल के घटते स्तर के रोकने के लिए कार्यवाही जून 2019 पीडीएफ में दर्शायी गयी है।

*****

**अनुलग्नक**

**"गिरता भू-जल स्तर" विषय पर दिनांक 21.11.2019 को लोक सभा में उत्तर दिए जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 845 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

| क्र.□□ | राज्य का नाम | विश्लेषित कुओं की संख्या | बढ़ोत्तरी | | | | गिरावट | | □□ □ परिवर्तन नहीं दर्शाने वाले कुएं | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | बढ़ोत्तरी | | | | | | | |
| | | | न्यू□□□ | अधिकतम | संख्या | % | संख्या | % | संख्या | % |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 714 | 0.01 | 7.26 | 194 | 27 | 518 | 73 | 2 | 0.3 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 18 | 0.54 | 2.45 | 2 | 11 | 16 | 89 | 0 | 0.0 |
| 3 | असम | 230 | 0.01 | 7.1 | 111 | 48 | 119 | 52 | 0 | 0.0 |
| 4 | बिहार | 619 | 0.01 | 5.34 | 195 | 32 | 419 | 68 | 5 | 0.8 |
| 5 | चंडीगढ़ | 12 | 0.01 | 2.47 | 4 | 33 | 8 | 67 | 0 | 0.0 |
| 6 | छत्तीसगढ़ | 602 | 0.01 | 14.65 | 237 | 39 | 352 | 58 | 13 | 2.2 |
| 7 | दादरा और नगर हवेली | 18 | 0.08 | 2.39 | 2 | 11 | 16 | 89 | 0 | 0.0 |
| 8 | दमन और दीव | 11 | 0.03 | 2.81 | 5 | 45 | 5 | 45 | 1 | 9.1 |
| 9 | दिल्ली | 73 | 0 | 13.23 | 36 | 49 | 37 | 51 | 0 | 0.0 |
| 10 | गोवा | 64 | 0.01 | 8.29 | 18 | 28 | 46 | 72 | 0 | 0.0 |
| 11 | गुजरात | 657 | 0.01 | 12.36 | 244 | 37 | 413 | 63 | 0 | 0.0 |
| 12 | हरियाणा | 279 | 0.01 | 8 | 94 | 34 | 184 | 66 | 1 | 0.4 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 101 | 0.04 | 6.63 | 81 | 80 | 20 | 20 | 0 | 0.0 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 204 | 0.01 | 4.29 | 86 | 42 | 118 | 58 | 0 | 0.0 |
| 15 | झारखंड | 271 | 0.03 | 5.31 | 103 | 38 | 168 | 62 | 0 | 0.0 |
| 16 | कर्नाटक | 1098 | 0.01 | 14.72 | 217 | 20 | 881 | 80 | 0 | 0.0 |
| 17 | केरल | 1427 | 0.0 | 7.01 | 661 | 46 | 762 | 53 | 4 | 0.3 |
| 18 | मध्य प्रदेश | 1099 | 0.01 | 17.72 | 532 | 48 | 567 | 52 | 0 | 0.0 |
| 19 | महाराष्ट्र | 1645 | 0.0 | 18.42 | 401 | 24 | 1241 | 75 | 3 | 0.2 |
| 20 | मेघालय | 53 | 0.01 | 6.2 | 39 | 74 | 14 | 26 | 0 | 0.0 |
| 21 | ओड़िशा | 1064 | 0.01 | 7.07 | 730 | 69 | 334 | 31 | 0 | 0.0 |
| 22 | पांडिचेरी | 6 | | | 0 | 0 | 6 | 100 | 0 | 0.0 |
| 23 | पंजाब | 245 | 0.0 | 15.11 | 74 | 30 | 170 | 69 | 1 | 0.4 |
| 24 | राजस्थान | 893 | 0.0 | 14 | 301 | 34 | 588 | 66 | 4 | 0.4 |
| 25 | तमिलनाडु | 612 | 0.0 | 11.53 | 177 | 29 | 318 | 52 | 117 | 19.1 |
| 26 | तेलंगाना | 557 | 0.01 | 10.15 | 188 | 34 | 366 | 66 | 3 | 0.5 |
| 27 | त्रिपुरा | 75 | 0.01 | 3.99 | 31 | 41 | 44 | 59 | 0 | 0.0 |
| 28 | उत्तर प्रदेश | 581 | 0.03 | 12.64 | 157 | 27 | 423 | 73 | 1 | 0.2 |
| 29 | उत्तराखंड | 42 | 0.01 | 5.45 | 15 | 36 | 27 | 64 | 0 | 0.0 |
| 30 | पश्चिम बंगाल | 358 | 0.03 | 8.57 | 178 | 50 | 177 | 49 | 3 | 0.8 |
| □□ | | **13628** | | | **5113** | **38** | **8357** | **61** | **158** | **1.2** |

*****